राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर 29 अक्टूबर। अलवर एवं धौलपुर जिलों में सम्पन्न जिला परिषद् एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव में मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाकर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए जनहित के कार्यों एवं कांग्रेस संगठन द्वारा विकट समय में जनता को प्रदान की गई राहत कार्यों पर मोहर लगायी है तथा भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान के नेताओं की अकर्मण्यता, 25 सांसदों की निष्क्रियता तथा मोदी सरकार द्वारा जनता से की गई वायदा खिलाफी पर भाजपा को आईना दिखाया है।

उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि दोनों ही जिलों की जिला परिषद् में कांग्रेस पार्टी अपना जिला प्रमुख बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि सहानुभूति का विषय है कि 22 पंचायत समितियों में से भारतीय जनता पार्टी को केवल 2 पंचायत समितियों में बहुमत के साथ प्रधान बनाने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि 492 पंचायत समिति सदस्यों के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस के 208 पंचायत समिति सदस्य चुनकर आये है तथा भाजपा के केवल 158 प्रत्याशी ही चुनाव जीत सके है। उन्होंने कहा कि दोनों जिलों के 16 लाख 55 हजार लगभग मतदाताओं में से 5 लाख 55 हजार से अधिक मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी में विश्वास जताया है तथा भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले कांग्रेस पार्टी ने 53 हजार अधिक मत प्राप्त किए है। उन्होंने कहा कि जिला परिषदों के 72 सदस्यों के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी के 42 प्रत्याशी विजयी हुए है जबकि भारतीय जनता पार्टी के मात्र 26 प्रत्याशी ही चुने गए। उन्होंने कहा कि 22 में से 15 पंचायत समितियों में कांग्रेस पार्टी के प्रधान चुने जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को मानने वाले अधिकांश निर्दलीय प्रत्याशी कांग्रेस को समर्थन दे चुके है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार की गुड गवर्नेंस तथा कोरोना महामारी के दौरान सरकार द्वारा किए गए बेहतरीन प्रबन्धन के आधार पर जनता ने कांग्रेस को वोट

2....

Created by Universal Document Converter

दिया तथा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की निष्क्रियता, केन्द्र सरकार द्वारा आम जनता पर लादी गई कमर तोड़ महंगाई तथा किसानों के साथ किए गए अन्याय, जिसके कारण किसान एक वर्ष से सड़कों पर आंदोलन कर रहे है, को दृष्टिगत रखते हुए जनता ने भारतीय जनता पार्टी को नकारा है। उन्होंने कहा कि जनता के समक्ष यह स्पष्ट हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी केवल जुमले देने वाली एवं वादाखिलाफी करने वाली पार्टी है तथा भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकारों को गिराने का षड्यंत्र जनता के सामने ऊजागर हो गया है जिस कारण से भी भाजपा जनता के मध्य अपनी साख गंवा चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा जनता को कोरोना महामारी काल में हरसंभव मदद प्रदान की गई तथा राज्य को विकासोन्मुखी बजट प्रदान किया, साथ ही युवाओं को सरकारी भर्तियों के माध्यम से रोजगार प्रदान करने में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी, रीट, पटवारी तथा आरएएस जैसी बड़ी भर्ती परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ किन्तु भाजपा नेताओं ने सरकार को बदनाम कर भर्तियाँ रोकने का प्रयास किया जिसका जवाब दो जिलों की जनता ने पंचायत राज चुनाव में दिया है तथा कल होने वाले विधानसभा उपचुनावों में प्रदेश की जनता करारा जवाब देगी।

उन्होंने कहा कि धरियावद तथा वल्लभनगर उपचुनाव में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा समर्पण के साथ की गई मेहनत एवं सरकार की गुड गवर्नेंस के आधार पर कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत के साथ विजय प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा राजस्थान की जनता को राहत प्रदान करने एवं जनता की समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु प्रशासन गांवों के संग तथा प्रशासन शहरों के संग अभियान प्रारम्भ किया है तथा मुख्यमंत्री स्वयं सभी जिलों में जाकर इस अभियान की सफलता को सुनिश्चित कर रहे है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत् कोई कमी ना रह जाए यह निर्णय लिया गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा आकस्मिक निरीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 24 से 29 नवम्बर, 2021 के मध्यम केन्द्र सरकार की कुनीतियों एवं बढ़ती महँगाई के विरूद्ध प्रदेशभर में जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा जिसकी तैयारियाँ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूर्ण कर ली है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता सरकार के कामकाज की समीक्षा कर सलाह देने की बजाए

3....

Created by Universal Document Converter

आपसी झगड़ों में उलझे हुए है। सभी नेता मुख्यमंत्री बनने का सपना संजोए है लेकिन जनता को समर्थन प्राप्त करने में असफल रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अधिकांश नेता जनाधार विहीन है तथा जिन चुनिन्दा नेताओं के पास जनाधार है उन्हें हाशिए पर धकेलने का कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी 78 पंचायत समितियों के लिए हुए चुनाव में 50 पर कांग्रेस पार्टी के प्रधान चुने गए।

डोटासरा ने अलवर एवं धौलपुर के मतदाताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी में विश्वास जताने हेतु धन्यवाद देते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता सुख-दु:ख में आमजनता के बीच इसी प्रकार मुस्तैदी के साथ कार्य करते रहेंगे तथा राजस्थान सरकार आमजनता को राहत प्रदान करने हेतु जनहित में जनाकांक्षाओं की पूर्ति करने वाले कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि इन पंचायत चुनावों में पिछले चुनावों की तुलना में कांग्रेस दोगुने स्थानों पर विजयी हुई है तथा भाजपा की सीटें आधी रह गई है जो स्पष्ट करता है कि भाजपा राजस्थान में अपना जनाधार खो चुकी है।

\- - - - - - - - - - -

Created by Universal Document Converter